# जनपद शामली पुलिस

## --सोशल मीडिया सेल शामली—

**प्रेस विज्ञप्ति** **19.10.2025**

थाना  कांधला पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से अवैध 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामदः-

आज दिनांक 19.10.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री एन0पी0 सिंह के आदेशानुसार अवैध शराब के अपराध में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी/बरामदगी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल पर्यवेक्षण में थाना  कांधला पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त शोएब पुत्र सलीम निवासी मौहल्ला खैल कस्बा व थाना कांधला  जनपद शामली को अवैध 10 लीटर कच्ची शराब सहित गिरफ्तार करने मे महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना  कांधला पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तः-

1.शोएब पुत्र सलीम निवासी मौहल्ला खैल कस्बा व थाना कांधला जनपद शामली।

बरामदगी का विवरणः-

1.अवैध 10 लीटर अवैध कच्ची शराब।

गिरफ्तार करने वाली टीमः-

1.उ0नि0 श्री नरेन्द्र कुमार वर्मा थाना  कांधला जनपद शामली।

2.का0 सुमित कुमार थाना  कांधला जनपद शामली।



थाना कैराना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पंजीठ कैराना पानीपत रोड़ पर स्थित गोदाम का ताला तोड़कर सामान चोरी करने की घटना के मामले में 02 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से गोदाम से चोरी हुआ सामान बरामदः-

ज्ञात हो दिनाँक 17.10.2025 को वादी शकील अमहद पुत्र यामीन निवासी मौहल्ला आलदरमियान कस्बा व थाना कैराना जनपद शामली द्वारा उसके गोदाम पर सरकारी सील लगी हुई थी। जिसमें से अज्ञात चोरों द्वारा गोदाम का ताला तोड़कर कर सामान चोरी करने के सम्बन्ध में दी गई तहरीर के आधार पर थाना कैराना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। उपरोक्त घटना का संज्ञान लेकर पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा अभियुक्तगण की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना कैराना को निर्देशित किया गया था।

आज दिनांक 19.10.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री एन0 पी0 सिंह के आदेशानुसार चलाये जा रहे संदिग्ध वाहन/व्यक्ति की चैकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल नेतृत्व में थाना कैराना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पंजीठ कैराना पानीपत रोड़ पर स्थित गोदाम का ताला तोड़कर सामान चोरी करने की घटना के मामले में 02 अभियुक्त गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। कब्जे से गोदाम से चोरी किया हुआ सामान सोलर प्लेट, सिलेन्डर छोटा, पाईप गोल लोहा व मोटर के खोल लोहा बरामद हुए है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कैराना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1.देशराज पुत्र सुबेसिंह निवासी ग्राम कुराड थाना सनौली जनपद पानीपत राज्य हरियाणा।

2-काला उर्फ मुसीर पुत्र बाबू निवासी मौहल्ला तितरवाडा चुंगी थाना कैराना जनपद शामली

बरामदगी का विवरणः-

1.चोरी किया हुआ सामान सोलर प्लेट, सिलेन्डर छोटा, पाईप गोल लोहा व मोटर के खोल लोहा।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1.उ0नि0 श्री जोनसन कुमार थाना कैराना जनपद शामली।

2.है0का0 प्रमोद कुमार थाना कैराना जनपद शामली।

3.है0का0 रवि कुमार थाना कैराना जनपद शामली।

4.है0का0 ललित कुमार थाना कैराना जनपद शामली।



थाना कैराना पर संचालित साइबर सैल टीम द्वारा आवेदक से ऑनलाइन धोखाधड़ी की गई धनराशि को शत-प्रतिशत वापस कराया गया।

अवगत कराना है कि दिनांक 14.10.2025 को अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन काल करके आवेदक से धोखाधडी से पेटीएम पिन पूछकर 25000/- रुपये की धनराशि को यूपीआई के माध्यम से ट्रांजेक्शन कर साइबर धोखाधडी की गयी। जिसके सम्बन्ध मे आवेदक द्वारा थाना कैराना स्थित साईबर हेल्प डेस्क पर प्रार्थना पत्र दिया गया था।

इसी क्रम में आज दिनांक 19.10.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री एन0 पी0 सिंह निर्देशन में व नोडल अधिकारी/अपर पुलिस अधीक्षक शामली के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी कैरना के कुशल निर्देशन में थाना कैराना पर संचालित साइबर सैल टीम द्वारा आवेदक की शिकायत/प्रार्थना पत्र पर साइबर हेल्पडेस्क/साइबर सेल, कैराना द्वारा कार्यवाही करते हुये आवेदक की शत-प्रतिशत धनराशि (25000/- रुपये) वापस कराये गये। आवेदक की रकम वापस होने पर आवेदक द्वारा पुलिस टीम की प्रशंसा करते हुए धन्यवाद पत्र दिया गया।

धनराशि वापस कराने वाली थाना कैराना पर संचालित साइबर सैल पुलिस टीमः -

1.प्र0नि0 श्री समय पाल सिंह थाना कैराना जनपद शामली।

2.निरीक्षक अपराध श्री योगेन्द्र सिंह थाना कैराना जनपद शामली।

3.कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड- बी अनिल कुमार थाना कैराना जनपद शामली।

4.का0 मानवेन्द्र थाना कैराना जनपद शामली।


थाना
कोतवाली कैराना
जनपद-शामली
दूरभाष- 9454404069